>

Title: Need to take steps for providing civic/basic amenities etc for Kumbh Mela in Haridwar in the Year 2010.

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): सभापति महोदय, उत्तराखंड राज्य की तीर्थ नगरी हरिद्वार में वर्ष 2010 में जनवरी से अप्रैल तक कुम्भ मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों की संख्या में यात्री आएंगे।

उत्तराखण्ड सदैव से ही भारतीय संस्कृति का केन्द्र रहा है। इस देवभूमि में भारत की एकता, अखण्डता, संस्कृति, सभ्यता के प्रतीक इस मेले की तैयारी के कार्यों में ढील बरती जा रही है। मेले की व्यवस्था के लिए केन्द्र सरकार जो धनराशि दे रही है, उसका सदुपयोग सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

मेरा मान्यवर से आग्रह एवं सुझाव है कि कुम्भ मेले के आयोजन हेतु पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध करवाया जाये तथा सफाई एवं चिकित्सा सुविधाओं आदि की उचित व्यवस्था करवाई जाये। स्वाइन फ्लू, हैजा व मलेरिया आदि बीमारियों को न फैलने देने के लिए पहले से ही उचित कदम उठाये जायें।

जहां तक कानून और सुरक्षा व्यवस्था की बात है, उसे बनाए रखने के लिए भूतपूर्व सैनिकों तथा प्रशिक्षित गुरिल्लाओं का सहयोग लिया जाए।

महोदय, उत्तराखंड में कानून व्यवस्था इतनी गिर गयी है कि अभी हाल ही में नैनीताल के रामनगर क्षेत्र में कुमारी महिमा सेठ और श्री सोनू वर्मा की निर्मम हत्या कर दी गयी है। उत्तराखंड की कानून व्यवस्था सुधारी जाए और विश्व प्रसिद्ध मेला होने से इसका संचार माध्यमों द्वारा विशेष प्रसारण किया जाएगा, इसलिए सारी व्यवस्थायें अच्छी करायी जाएं, ...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): महोदय, यह स्टेट का सब्जेक्ट है, इसको डिलीट किया जाए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : He has finished it. Please take your seat.

...(*Interruptions*)